www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–129 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ मंगलवार 10 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## दो बच्चों को लेकर कानून का प्रस्ताव तैयार, सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपने की तैयारी

लखनऊ(वेबवार्ता)। देश की सर्वाधिक जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण की जोरदार तैयारी कर ली है। सरकार शीघ्र की जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करेगी। उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून के प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया है। आयोग के अध्यक्ष रिटायर जस्टिस एएन मित्तल प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौप सकते हैं। इसको सोमवार देर शाम को ही सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपा जाना था। सीएम के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा कर लखनऊ लौटने के बाद ही आयोग उनको प्रस्ताव सौंप देगा। आयोग ने बीते दिनों उत्तर प्रदेश जनसंख्या (नियंत्रण, स्थिरीकरण व कल्याण) विधेयक 2021 का प्रारूप तैयार किया था और उस पर लोगों से सुझाव मांगे थे। निर्धारित समय में यह सुझाव मिलने के बाद आयोग ने दो बच्चों को लेकर कानून के मसौदे को अंतिम रूप दिया है। यूपी जनसंख्या कानून प्रस्ताव राज्य विधि। आयोग ने तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से उत्तर प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानूनी उपाय के सुझाव प्रदान किए गए हैं। इस प्रस्ताव को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। 19 जुलाई 2021 तक इस प्रस्ताव पर जनता से राय मांगी गई थी। आयोग ने इस पर विचार करने के बाद इस प्रस्ताव को सरकार को सौंपने की तैयारी की है।यूपी जनसंख्या कानून प्रस्ताव में दो या दो से कम बच्चे वाले अभिभावकों को विभिन्न प्रकार की सुविधा प्रदान की जा रही है एवं दो से अधिक बच्चे वाले अभिभावकों को कई सुविधाओं से वंचित रखने का प्रावधान शामिल किया गया है। राज्य विधि आयोग ने यूपी जनसंख्या कानून का प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव किसी सरकारी आदेश पर नहीं बल्कि आयोग ने खुद तैयार किया है। इसमें प्रस्ताव है कि दो से अधिक बच्चे होने की स्थिति में सरकारी नौकरी में आवेदन से लेकर स्थानीय निकाय चुनाव लडने तक पर रोक लगाई जा सकती है। इस प्रस्ताव में कानून का उल्लंघन करने वाले नागरिकों को 77 सरकारी योजनाओं एवं अनुदान से वंचित रखने का भी प्रावधान शामिल किया गया है। यदि यह कानून लागू किया जाता है तो इस इस कानून के माध्यम से वह सभी परिवार जो परिवार नियोजन के उपाय अपनाएंगे उनको विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे और वह सभी परिवार जो इस कानून का उल्लंघन करेंगे उन्हें विभिन्न प्रकार के लाभों से वंचित रखा जाएगा।

## 107 करोड़ के फर्जीवाड़ा में फरार शकील को तलाश रही पुलिस

लखनऊ(वेबवार्ता)। लखनऊ के अमीनाबाद स्थित पंजाब नेशनल बैंक (तत्कालीन यूनाईटेड बैंक आफ इंडिया) से ठाकुरगंज इलाके की एक बड़ी जमीन के कागजात लगाकर 107 करोड़ रुपये लेने, रुपये हड़पने, जमीन बेच देने के बाद मुख्य आरोपी शकील फरार है। शकील के गिरफ्तारी के लिए वजीरगंज थाने की पुलिस टीम उसे तलाशते हुए दबिश दे रही है। 107 करोड़ के फर्जीवाड़ा में मुख्य आरोपी शकील का नाम माफिया मुख्तार अंसारी से जुड़ा हुआ है। शकील और उसकी भाभी राणा रिजवी ने ठाकुरगंज इलाके की एक बड़ी जमीन को टुकड़े में 70 लोगों को बेच दिया। जमीन की बिक्री में रईस नाम के एक प्रापर्टी डीलर ने भी मदद की। जमीन बिकने के बाद लोगों का कब्जा होने से पहले ही वहां ऋण वसूली अधिकरण की नोटिस चस्पा हो गयी। जमीन खरीदने वाले 70 लोगों ने इसकी जानकारी करनी चाही तो शकील और उसके साथियों ने किनारा कर लिया। लोगों ने बैंक से पता किया तो जमीन पर 107 करोड़ का लोन पास होने और अभी तक एक भी किस्त नहीं दिये जाने की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ितों में चार लोगों ने पुलिस उपायुक्त उत्तर से शिकायत की और वजीरगंज थाने में शकील और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर लिख गयी। शकील की गिरफ्तारी के लिए वजीरगंज पुलिस ने दुबग्गा, हुसैनाबाद सहित उसके कई ठिकानों पर दबिश दी है। पीड़ितों की मानें तो उन्होंने 10 लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक देकर जमीन खरीदी है। रकवा संख्या 552 जो पूरी जमीन टुकड़ों में बेची गयी है, उसे बैंक में बंधक रखकर 107 करोड़ रुपये लोन लिए गए हैं। जमीन बेचने के बाद 10 करोड़ से 15 करोड़ रुपये और भी शकील के पास आ गये हैं। करोड़ों रुपये लेकर शकील फरार है।उन्होंने बताया कि जमीन की प्लाटिंग 2019 में हुई थी और 2020 तक सारे प्लाट बिक गये थे। 2021 में जुलाई माह में ऋण वसूली अधिकरण की नोटिस जमीन पर चस्पा हुई।




## वर्षगांठ पर आज आयोजित हुए विविध कार्यक्रमः

### काकोरी शहीद स्मारक स्थल लखनऊ में आयोजित मा0 राज्यपाल एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन के श्रृंखला में आज काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्थल, बदरका सिकन्दरपुर कर्ण में भव्य रुप से मा0 विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, जिलाधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार व मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में मनाया गया। इसी क्रम में पूरे जनपद में शहीद स्मारकों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा वीर शहीदों को नमन किया गया। स्कूलों, कालेजों से प्रभात रैली व तिरंगा यात्रा निकाली गयी। राम बालक राम राखन पूर्व माध्यमिक विद्यालय से राम लीला मैदान होते हुये अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक स्थल पर रैली सम्पन्न हुई।

इसी क्रम में टाउनहाल आडिटोरियम में काकोरी शहीद स्मारक स्थल लखनऊ में मा0 राज्यपाल उ0प्र0 श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ की इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे सभी उपस्थित जनों द्वारा देखा गया। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

मा0 विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि इन महान बलिदानियों, वीर शहीदों के आदर्शो, संघर्षों व त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा देश की एकता, अखण्डता, अक्षुण्णता बनाए रखने के लिए संकल्प के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मा0 विधान सभा अध्यक्ष जी द्वारा श्रीमती प्रतिभा पत्नी शहीद विजय कुमार, रावतपुर, विनोद कृष्ण शर्मा ,राजाबाबू अध्यक्ष जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कल्याण परिषद्, अनुभव शुक्ला, मंत्री ,सेनानी कल्याण परिषद्, जे0 बी0 प्रसाद बाजपेयी, सेनानी परिवार, बदरका, राजेन्द्र शुक्ला, सीताराम तिवारी, मिश्रीलाल, बदरका को शाल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोंजन डिप्टी कमिश्नर राज्य आजीविका मिशन उ0प्र0 उन्नाव चन्द्रशेखर व उप निदेशक सूचना डा0 मधु ताम्बे द्वारा किया गया। बदरका शहीद स्थल सहित नगर एवं जनपद के विभिन्न स्थानों में सूचना विभाग द्वारा कार्यक्रम का एल0ई0डी0 वैन द्वारा सजीव प्रसारण किया गया। जनपद के सभी अंचलों, तहसील मुख्यालयों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी बीघापुर के अलावा जनप्रतिनिधी व भारी संख्या में लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। सर्वसम्मति सेअवध की आवाज उन्नाव टीम जिला स्वास्थ्य संवाददाता दीपक शुक्ला गंगाघाट अपराध संवाददाता विकास श्रीवास्तव एवं शुक्लागंज संवाददाता सुमन मिश्रा की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई मार्गदर्शन ब्यूरो चीफ गुड्डू मिश्रा साथ में जिला व्यापार संवाददाता शशिकांत मौजूद रहे। सोनू गौतम को अवध की आवाज में वरिष्ठता दी गई। बैठक गंगाघाट के मनोहर नगर में गंगाघाट वरिष्ठ संवाददाता सोनू गौतम जी के निवास स्थान में संपन्न हुई।

**अवध की आवाज** (हिन्दी दैनिक) लखनऊ मंगलवार 10 अगस्त 2021 पृष्ठ– 2

# यूनिकोड यहां किसान यूनियन द्वारा समस्याओ को लेकर नवागंतुक बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

## बार बार मांग किये जाने के बावजूद नही सुनते ब्लाक अधिकारी

अवध की आवाज

कदौरा/जालौन। भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में संघ द्वारा ब्लाक स्तरीय ग्राम पंचायतों में धांधली सहित अन्ना पशु व अन्य समस्याओ के लिए नवागंतुक बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया एव किसानो की समस्याओ के समाधान की मांग की गयी। ज्ञातव्य हो कि कदौरा विकास खण्ड में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन द्वारा मासिक बैठक फ़ज़्जुर खां की अध्यक्षता में सम्पन्न कराई गई जिसमें यूनियन ब्लाक अध्यक्ष देवकरण सिंह द्वारा चर्चा करते हुए कहा कि किसान प्रति माह ग्राम पंचायत विकास व किसान हित से जुड़ी समस्याओं को लेकर मांग करते है जिसके समाधान को लेकर कोई गौरतलब नही होता।वही यूनियन द्वारा 7 सूत्रीय मांगों को लेकर बीडीओ अश्वनी कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि



अधिक बारिश से किसानों की खरीफ फसले नष्ट हो चुकी है जिसमे बीमित फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए ब्लाक क्षेत्र में विचरण कर रहे व अन्ना गौवंश का समुचित प्रबंध किया जाए एव ब्लाक क्षेत्र ग्राम पंचायतों में आवास योजना में भेदभाव किया जा रहा है एव पात्र गरीब लोग उक्त योजना से वंचित है जिसकी जांच कराकर कार्यवाही करवाई जाये व बेघर पात्रो को आवास दिलाया जाए एव ग्राम पंचायतों में खराब पड़े हैडपम्पो का सुधार करवाया जाए।वही पिछली बैठक में समस्याये लम्बित है जिनका शीघ्र निस्तारण करवाया जाए।साथ ही किसानो ने कहा कि दिल्ली में जारी किसान आंदोलन की समीक्षा बैठक जनपद स्तर पर होनी है जिसमे हरदत्त पांडेय द्वारा आंदोलन को और मजबूत करने को लेकर चर्चा की जानी है जिसे व्यवस्थित करने के लिए सहयोग की भी मांग की गयी।

# सूरज सिंह ने अपनी पत्नी श्रद्धा सिंह के साथ नरवधेश्वर नाथ मंदिर में किया रुद्राभिषेक

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। समाजवादी पार्टी के पूर्व गोंडा सदर प्रत्याशी व प्रभारी सूरज सिंह ने श्रावण मास के तीसरे सोमवार को पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सिंह के साथ रुद्राभिषेक किया इस दौरान महंत शम्भूनाथ, राजू मोदनवाल, पप्पू मोदनवाल, अंकुर मिश्रा, राजेश मिश्रा, विनय सिंह, रौनक अग्रवाल,



नरवधेश्वर नाथ मंदिर पहुँच कर चंदन, शहद, दुग्ध, गन्ना रस आदि से रुद्राभिषेक अपने पत्नी पूर्व जिला विकास मोदनवाल, आकाश मोदनवाल, विकास मोदनवाल, शुभम जयसवाल आदि। लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे पंचनद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

## जगम्मनपुर उतरेगा योगी का हेलीकॉप्टर

अवध की आवाज

माधौगढ ,जालौन। विकासखंड रामपुरा क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ से हुई तबाही का मंजर देखने एवं पीड़ितों की सहायतार्थ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पंचनद क्षेत्र का दौरा करेंगे। जनपद जालौन के विकास खंड रामपुरा अंतर्गत पांच नदियों से घिरे गांवों में बाढ़ के कारण लगभग दो दर्जन गांव तबाह हो गए,जिसमें सैकड़ों मकान धराशाही अथवा क्षतिग्रस्त हुए हैं एवं हजारों ग्रामीण किसान दाने–दाने को मोहताज हो गए। शासन प्रशासन की ओर से लगातार बाढ़ पीड़ितों की मदद का प्रयास किया जा रहा है , प्रदेश सरकार के मंत्रीद्वय तथा मंडलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक झांसी, जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक जालौन एवं जिले के सभी छोटे बड़े अधिकारी, राजनेता, समाजसेवी बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचकर पीड़ितों से मिलकर उनका दुख दर्द जानने का प्रयास कर रहे हैं एवं उन्हें खाद्य सामग्री का वितरण कर रहे हैं। बाढ़ के कारण हुए नुकसान का आंकलन करने एवं बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों की मदद के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करने तथा बाढ़ पीड़ितों का दुख दर्द जानने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 10 अगस्त मंगलवार को हेलीकॉप्टर द्वारा विकासखंड रामपुरा के ग्राम जगम्मनपुर पहुंच रहे हैं। वहां वह बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनका दुख– दर्द जानेंगे तदुपरांत ग्रामीणों को बाढ़ से बचाने एवं पीड़ितों की मदद करने को लेकर पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय के कान्फ्रेंस रूम में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।



अवध की आवाज ब्यूरो

15 अगस्त के पावन पर्व पर सभी जनपद वासियों को क्षेत्रवासियों को ग्राम सभा शेषपुरनरी के नौजवान साथियों को नन्हे–मुन्ने बच्चों को एवं बुजुर्गों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं आपका सेवक जनार्दन चौधरी पूर्व प्रधान शेषपुर नरी उन्नाव

# अपनी दुर्दशा पर आंशू बहाने को मजबूर यह ऐतिहासिक धरोहर।।

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। हम सभी जानते है कि यदि किसी चीज का उपयोग न किया जाए तो वो धीरे–धीरे स्वतः विलुप्त होने लगती है इसी लिए हर चीज का उपयोग और देख–रेख दोनों बहुत जरूरी है।

आपको बता दें कि उत्तरप्रदेश में ऐसी कई जगह है जो पुरानी धरोहरों को समेटे हुए है और वो देख–रेख के अभाव में जर्जर हालत में पड़ी हुई है जिन्हें देख कर लोग यही कहते है कि काश एक बार सरकार इनपे ध्यान दे तो शायद इन ऐतिहासिक धरोहरों को बचाया जा सकता है वरना ये ऐतिहासिक धरोहरें जर्जर इमारतों के साथ एक दिन मलबे में बदल जाएगी और रह जायेगा सिर्फ नाम।

यूपी के सबसे बड़े जनपद लखीमपुर खीरी की नगर पंचायत सिंगाही जो पुरानी ऐतिहासिक धरोहरों को समेटे हुए है जिसमे सिंगाही का राज घराना (महल), काली माता का मंदिर व तिलस्म भूलभुलैया शामिल है।

आज हम बात करेंगे तिलस्म भूलभुलैया की जो देख रेख के अभाव में जर्जर अवस्था मे अपनी दुर्दशा पर आंशू बहाने को मजबूर है।

ज्ञात हो कि कस्बे से मात्र एक किलो मीटर की दूरी पर सिंगाही रियासत की महारानी द्वारा सरयू नदी के तिलगवा घाट पर अपने शासन काल के दौरान तिलिस्म भूलभुलैया का निर्माण 1926 में राज्य के सूबेदार पन्त जी तिलिस्म भूलभुलैया व ऊपर शिव मंदिर का निर्माण करवाया था। जो आज भी बनी हुई है पूरे प्रदेश के दर्शक इस तिलिस्म को देखने आया करते थे यहाँ बने ट्रस्ट की अनदेखी के कारण अब यह तिलिस्म भूलभुलैया उपेछित हो गयी है यहाँ के बुजुर्ग लोग बताते हें की ऐसा ही एक तिलिस्म भूलभुलैया अवध की राजधानी लखनऊ में बनी है।

क्या कहते इस यहाँ के निवासी

ट्रस्ट के रुपयों से इसकी देख रेख की जाती है यहाँ के राजा रानी के



परिवार के लोग ऐतिहासिक धरोहरों पर ध्यान नही देते है जिससे इस भूलभुलैया की इमारत जर्जर होती चली जा रही है। अभी कुछ दिन पूर्व हम लोगों ने मिलकर इस भूलभुलैया के अंदर की साफ सफाई करवाई थी जिससे चार खानों में अंदर जाकर भूलभुलैया का लुफ्त उठा सकते है। अगर सरकार इस ऐतिहासिक धरोहर पर ध्यान दे तो इसे टूरिज्म का दर्जा मिल सकता है और यहाँ के लोगों को रोजगार भी मिल सकता मगर इन दिनों देख रेख के अभाव में ये ऐतिहासिक धरोहर अपनी दुर्दशा पर आंशू बहाने को मजबूर है।



अकबरपुर इटौरा जालौन। अकबरपुर इटौरा में क्षेत्रीय प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है इस मुस्तैदी की बजह है इटौरा चौकी प्रभारी अभिलाख सिंह। श्री सिंह ने वेतवा बार्डर पे आने जाने वाले वाहनों की चैकिंग की हर आने जाने वाले वाहनों की सघन चैकिंग की गई

# पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद वांछित बदमाश गिरफ्तार

बहराइच, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के बहराइच में मटेरा थाना क्षेत्र के कोरियनपुरवा नहर पटरी के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद एक वांछित बदमाश पकड़ा गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार ने सोमवार को बताया कि पड़ोसी जिले लखीमपुर खीरी निवासी मनीराम को रविवार रात 11 बजे पुलिस दल ने घेर लिया,जिस पर बदमाश ने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक गोली बदमाश के पैर में लगी, इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मनीराम के खिलाफ लखीमपुर खीरी व बहराइच के विभिन्न थानों में 39 मामले दर्ज हैं। बहराइच पुलिस ने बदमाश की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम रखा था। कुमार ने बताया कि घायल बदमाश को इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है,उसके बाकी साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# यूपी में प्रशासनिक फेरबदल, 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने गोरखपुर समेत 9 जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और एसपी समेत 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। गृह विभाग के प्रवक्ता के अनुसार राज्य सरकार ने गोरखपुर, उन्नाव, पीलीभीत, बलिया, हापुड़, रामपुर, चित्रकूट, बागपत और ललितपुर के अधीक्षकों (एसपी) को मध्यरात्रि को हुए फेरबदल के तहत हटा दिया है। गोरखपुर के एसएसपी दिनेश कुमार पी को इसी पद पर पीलीभीत में स्थानांतरित किया गया है जबकि एसपी, बलिया विपिन टांडा को अब एसपी, गोरखपुर बनाया गया है। राजकरण नैयर को एसपी बलिया और अंकित मित्तल को एसपी रामपुर लगाया गया है। अविनाश पांडे प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) प्रयागराज से एसपी उन्नाव और नीरज कुमार जादौन को एसपी बागपत के पद पर तैनात किया गया है। निखिल पाठक को एसपी, ललितपुर और दीपक भुकर को एसपी, हापुड़ लगाया गया है। धवल जायसवाल को एसपी, चित्रकूट और शगुन गौतम को एसपी, विजिलेंस बनाया गया है। सुरेश राव कुलकर्णी को एसपी, इंटेलिजेंस की पोस्ट दी गई है।

# शासन प्रशासन ने नही पहुचाई अब तक कोई मदद

## ग्राम प्रधान व कुछ समाजसेवी ने इस विपत घड़ी में पहुचाई मदद

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ़,जालौन। चन्द तस्वीरें जो ग्राम मुहब्बतपुरा की बाढ के कारण हुई तबाही को बयां कर रही है हर तरफ पानी ही पानी बदबू मारता हुआ पानी, जो लगभग हर ग्रामवासी को तबाह कर गया किसी के कच्चे घर गिर गये , तो किसी के पक्के मकानों की छतें, शौचालय और दीवारें जमींदोज हो गई लोग रात रात भर जागकर दिन काट रहे बदहवास लोगों के लिऐ भोजन के पैकेट उपलब्ध करवाऐ वरना प्रशासन का ध्यान अक्सर छोटे गाँवों पर नहीं जाता छोटा गाँव और वो भी घनघोर बीहड में क्योंकि वहाँ "वोटर" एक सीमित संख्या में है और उसमें उनका कोई हित नहीं सधता अन्घ्त में आभार जताया ग्राम प्रधान (मई ) और पडोसी ग्राम मई के अधिकतर जीवन्त मनुष्यों" का जिन्होंने इस मुश्किल घडी में भरसक





है कि कहीं कोई सैलाब रातोंरात आकर उनकी बरसों की कडी मेहनत और बचे खुचे जानमाल का नुकसान ना कर जाऐ जरा सा भी पानी नदी में बढने लगता है तो लोग दहशत में आ जाते है और मिट्टी के ऊँचे टीलों (बुन्देली में जिसे "डाँडे" कहा जाता है) की तरफ भागने लगते है ग्रामीणों ने कुछ समाज सेवियो का आभार भी व्यक्त किया जिसमे रामपुरा नगर के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, ग्राम टीहर लोकेन्द्र और उनके साथी एवं एक दो अन्य भले लोग जिन्होंने गांव वालों की मदद की इन सब भले लोगो ने चार दिनों से भूखे प्यासे कोशिश की जनता को तमाम मुश्किलों से उबारने की ग्राम के लोगो ने कहा कि शासन द्वारा नही मिली कोई सहायता अगर नही होते समाज सेवी तो आज क्या से क्या हो जाता नही है प्रशासन को हम लोगो की कोई परवाह जिनमे कुछ लोगो ने फोन के माध्यम से बताई अपनी पीड़ा साथ ही कहा कि हेलीकॉप्टर से कुछ सामग्री खेतो में फेंक गए लेकिन दूसरे ग्राम के लोग ले गए और जानवर भी खा गए होंगे कुछ जानकारी नहीं वही ग्राम प्रधान ने कहा कि अगर कोई सहायता भेजनी थी तो हमसे संपर्क करते अधिकारी सामग्री इस तरह से नही फेंकनी थी।



अवध की आवाज ब्यूरो

अचलगंज बदरका उन्नाव आजादी की 75वि वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष माननीय हृदय नारायण दीक्षित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम बदरका में लेड वेन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को सुनते हुए अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित जिला अधिकारी रविंद्र कुमार मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल जिला अध्यक्ष आनंद अवस्थी विकास मिश्रा अरुण दीक्षित पंकज मिश्रा विशेष लेखाधिकारी सहित भाजपा के सभी कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय जनमानस।

# एथलेटिक्स में 121 सालों बाद इतिहास रचने वाले भारत के लाल को कदौरा में रह रहे परिजन व मित्रों ने दी बधा

## नीरज के पिता व उनके परिजन कदौरा में हाजी अनीस के साथ रहकर करते है खेती बाड़ी

अवध की आवाज ब्यूरो

कदौरा,जालौन। 8अगस्त।जिस गोल्डन ब्वाय के इतिहास रचने पर आज पूरा देश नाज कर रहा है उसके परिवार व रिश्तेदारो की आंख से खुशी के आंसू छलक पड़े जिन्हें नगर के बिजनेश मैन हाजी अनीस खान द्वारा माला पहनाकर मिष्ठान खिलाकर बधाई दी जिनके साथ रहकर वह कदौरा क्षेत्र में ही खेती बाड़ी करते है।और उनके पार्टनर हाजी अनीस खान द्वारा उक्त खुशी को जश्न में तब्दील करते हुए पूरे परिवार को बधाई दी।

टोक्यो में जारी ओलंपिक खेलों में भारत के लाल नीरज चोपड़ा द्वारा भाला फेंक प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीत पूरे देश दुनिया का दिल जीत लिया क्यो कि देश मे 121 सालों बाद ये खुशी देश के हिस्से में आई। शनिवार को उक्त खुशी की लहर देश दुनिया मे चलने पर कदौरा में हाजी अनीस खान के साथ रहकर खेती बाड़ी कर रहे नीरज के चाचा सुरेंद्र सिंह व फूफा बलवान सिंह की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े कि उन्हें पता नही था कि उनका बेटा देश का स्टार बनेगा।

रविवार को कदौरा में उक्त खुशी के अवसर पर हाजी अनीस खान कन्या महाविद्यालय में जश्न मनाया गया एव नीरज के फूफा बलवान सिंह को फूल माला पहनाकर बधाई दी गई एव सभी मे मिष्ठान वितरण किया। वही प्रेस वार्ता में नीरज के फूफा बलवान सिंह द्वारा बताया गया कि वह अलूपुर हरियाणा के रहने वाले है जो कि नीरज के राह दिखाने वाले उसके चाचा सुरेंद्र सिंह के साथ कदौरा में 3 वर्षो से हाजी अनीस के साथ पार्टनरी में खेती बाड़ी करते है जो कि अनीस खान




के बागी स्थित ट्यूबबेल में रहते है एव नीरज के पिता शतीस चन्द्र भी कदौरा आते जाते रहते है शुक्रवार को सुरेंद्र सिंह कदौरा से हरियाणा अपने गांव चले गए थे एव नीरज के परिजनो में चाचा सुरेंद्र सिंह भीम सिंह व फूफा बलवान सिंह व पिता सतीश सिंह कदौरा में ही धान व गेहूं की खेती बलकट लेकर करते है।बताया कि नीरज चोपड़ा पिता सतीश चोपड़ा व चाचा सुरेंद्र सिंह व भीम सिंह गांव में ही पारिवारिक जमीन लगभग 6 एकड़ करते थे एव जिनका सम्पर्क कदौरा में हाजी अनीश खान से होने के बाद कदौरा क्षेत्र में ही कई एकड़ खेती बलकट लेकर कृषि व्यवसाय करते है जिनके पास खुद के निजी यंत्र हरियाणा निज ग्राम खान्ड्रा से लेकर तीन सालों से रह रहे है।एव नीरज की कामयाबी में उनके चाचा सुरेंद्र सिंह चोपड़ा का यहम योगदान बताया गया।

वही हाजी अनीस खान द्वारा बताया गया कि वह नीरज के परिवार व रिश्तेदारो को अपने साथ परिवार की तरह रखते है व पार्टनरी में खेती बाड़ी का कार्य होता है शनिवार को बेटे नीरज द्वारा गोल्ड मैडल जीतने के बाद इस सभी की खुशी का ठिकाना नही रहा जिनके द्वारा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।मौके पर हरियाणा के नीरज के फूफा बलवान सिंह दोस्त जसवीर सिंह व पड़ोसी राहुल सिंह व हाजी अजीज खान हाजी अनीस खान व हाजी अज़हर वेग रुआब खान सरमस्त खान यूसुफ खान रिहान वेग हम्माज खान घँसु प्रजापति जीशान मिर्जा बउवा यादव मुन्ना मंसूरी नजमी वेग इमाद खान तौकीर खान ताबिश खान शारिक वेग संजय यादव गुलाम बारिश सहित नगर वासी मौजूद रहे।

# अब व्हाट्सएप पर पाएं कोविड वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट

## व्हाट्सएप नं. 9013151515 पर पाएं कोविड से जुड़ी अन्य जानकारी भी

## कई स्थानों पर यात्रा के दौरान दिखाना पड़ सकता है टीकाकरण प्रमाणपत्र

## एक जिम्मेदार नागरिक होने का बोध भी कराता है यह सर्टिफिकेट

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। कोविड–19 टीकाकरण का प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरकार ने अब बेहद आसान बना दिया है। अब यह सर्टिफिकेट रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर से व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर पाया जा सकता है । इसके लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने व्हाट्सएप नम्बर – 9013151515 जारी किया है, जिस पर सन्देश भेजकर वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट ही नहीं बल्कि कोविड–19 से जुड़ी अन्य जानकारियां भी प्राप्त की जा सकती हैं । कोविड टीकाकरण का प्रमाणपत्र बड़े काम की चीज है । यात्रा के दौरान भी इसकी मांग की जा सकती है, इसके अलावा यह सर्टिफिकेट देश के जिम्मेदार नागरिक होने का बोध भी कराता है, इसलिए इस सुविधा का लाभ उठाएं और प्रमाणपत्र व्हाट्सएप पर मंगाएं ।

कोविड–19 से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने व टीकाकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए सबसे पहले व्हाट्सएप नम्बर– 9013151515 को अपने रजिस्टर्ड मोबाइल के कॉन्टैक्ट लिस्ट में मायजीओवी ( MyGov) नाम से सेव कीजिये । इसके बाद व्हाट्सएप पर जाकर इस नम्बर पर हाय ( Hi ) का सन्देश भेजिए, उसके बाद एक से लेकर आठ तक के आप्शन आएंगे कि आप इनमें से किस तरह की जानकारी चाहते हैं, जो जानकारी चाहिए उस नम्बर को दर्ज करें । अगर हिंदी में जानकारी चाहते हैं तो उसकी भी सुविधा है । उसके लिए हिंदी टाइप करना पड़ेगा । इसके बाद आपके रजिस्टर्ड मोबाइल पर वन टाइम पासवार्ड (ओटीपी) आएगा, जिसे दर्ज करने के बाद मांगी गयी जानकारी या कोविड टीकाकरण का प्रमाणपत्र आपकी स्क्रीन पर होगा । एक मोबाइल नम्बर से अगर एक से अधिक लोगों ने टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है तो उसकी भी सुविधा है कि आपसे पूछा जायेगा कि किसका सर्टिफिकेट चाहिए, उस व्यक्ति का केवल क्रम संख्या देना है और पलक झपकते ही सर्टिफिकेट आपके स्क्रीन पर होगा । यह सर्टिफिकेट सभी को अपने पास सुरक्षित रखना बहुत ही जरूरी है ।

**क्या–क्या मिल सकती है जानकारी :**

इसमें पहला आप्शन है कि यदि आपको कोविड–19 के लक्षण हैं तो क्या करें, दूसरा है– टीकाकरण केंद्र, प्रमाणपत्र डाउनलोड और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न, तीसरा दृ कोविड–19 पर नवीनतम अपडेट और उपयोगी अलर्ट, चौथा– पेशेवर सलाह और प्रतिरक्षा में सुधार के तरीके, पांचवां है– सहायता कहाँ से प्राप्त करें दृ राष्ट्रीय व राज्य स्तर से, छठा आप्शन है– कोविड से जुड़े मिथक व सच्चाई, सातवाँ आप्शन है– टुगेदर वी कैन–सक्सेज स्टोरीज एंड पाजिटिव हारमोनीज और आठवां व अंतिम आप्शन है दृ कोरोना वायरस पर जानकारी, लक्षण और जोखिम कैसे कम करें । इस तरह से यह एक नम्बर आपकी कोविड से जुड़ी कई समस्याओं के निराकरण में बेहद कारगर है । इसीलिए सरकार इस नम्बर को देश के ज्यादा से ज्यादा नागरिकों के मोबाइल तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है ।

**यात्रा के दौरान माँगा जा सकता है टीकाकरण प्रमाणपत्र :**

कोविड टीकाकरण का प्रमाणपत्र अपने देश के साथ ही विदेश यात्रा पर जाने वालों से माँगा जा सकता है, इसलिए अगर आपने टीके की दोनों डोज ले ली है तो उसका सर्टिफिकेट अवश्य डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख लें । उदहारण के लिए – मुम्बई में अब लोकल ट्रेन का पास भी उन्हीं लोगों को जारी होगा जिन्होंने टीके की दोनों डोज लगवा ली है और पास के लिए आवेदन के वक्त उसका प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

# पानी के सैलाब से निकाल प्रसव पीड़ा को पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ, जालौन स बाढ़ के पानी से गिरे गांव में फंसी प्रसव पीड़िता को स्ट्रीमर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाने पर ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों की जमकर तारीफ की है। रामपुरा थाना अंतर्गत नदिया पार के दर्जनभर गांव पानी से घिरे होने के कारण संपूर्ण सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं से अलग–थलग पड़ गए हैं। ग्रामीणों के भोजन एवं जीवन की रक्षा के लिए उप जिलाधिकारी माधौगढ़ शालिगराम, क्षेत्राधिकारी साजदा नसरीन, थाना प्रभारी रामपुरा इंस्पेक्टर जेपी पाल अपने सहयोगियों के साथ स्ट्रीमर से नदिया पार के गांव में जीवन रक्षा व भोजन पानी वितरण करने के लिए दिन–रात भ्रमण कर रहे हैं। शनिवार की सुबह 8 बजे जब अधिकारियों का उक्त बचाव दल नदिया पार के गांव में जल मार्ग से भ्रमण कर रहा था उसी समय सूचना मिली की ग्राम सिद्धपुरा में एक प्रसव पीड़िता साधना पत्नी मनमोहन सिंह दर्द से छटपटा रही है। सूचना पाकर उक्त अधिकारी 30–35 मिनट में ग्राम सिद्धपुरा पहुंच गए और स्ट्रीमर के द्वारा प्रसव पीड़िता एवं उसके परिजनों तथा आशा बहू के साथ पानी के रास्ते निनावली रामपुरा रोड पर बनी बनी आईटीआई तक लाए, वहां पूर्व से तैयार खड़ी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाया गया जहां शाम 7:55 बजे





महिला ने सुंदर बेटी को जन्म दिया स बच्ची के जन्म की सूचना पाकर उप जिलाधिकारी शालिगराम, क्षेत्राधिकारी साजिदा नसरीन, थाना अध्यक्ष जेपी पाल चिकित्सालय पहुंचे और जच्चा हो पुत्री जन्म पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं नवजात बच्ची को गोद में लेकर दीर्घायु की कामना की स जच्चा की सासू मां गुड्डी देवी ने कहा कि वह है मेरी बहू की यह पहली डिलेवरी थी हम लोग घबरा रहे थे तभी स्ट्रीमर सवार अधिकारी हमारे लिए देवदूत बनकर आए और हमारी मदद की , हम बहुत खुश हैं और बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए संकट मोचन स्वागत हो रहे राघवेंद्र

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ, जालौन स बाढ़ से उत्पन्न संकट में यमुना तटवर्ती प्रभावित इलाके के लोगों के लिए राघवेंद्र पांडे सदस्य जिला पंचायत संकट मोचन साबित हो रहे हैं। पंचनद क्षेत्र के यमुना पट्टी के ग्राम कन्जौसा, मढेपुरा, शिवगंज,



हिम्मतपुर ,महमूदपुर पुरवा, गुढ़ा, बेरा, महटोली रुदावली, चंदावली, पतराही आदि गांव बाढ़ से प्रभावित हैं जिसमें सर्वाधिक प्रभावित गांव महटोली गुढ़ा, वेरा, कंजौसा चारों ओर पानी से घिरे होने के कारण सड़क मार्ग से इनका संपर्क टूट जाने से इन गांवों में खाने पीने के सामान की समस्या उत्पन्न हो गई है स इस विषम स्थिति में बाढ़ पीड़ितों की मदद को अनेक समाजसेवी आगे आ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र पांडे जगम्मनपुर बाढ़ पीड़ित गांव पहुंचकर जरूरतमंदों को सूखा राशन उपलब्ध करवाकर स्थानीय स्तर पर भोजन पकवाकर श्रद्धा पूर्वक खिला रहे हैं एवं जिन लोगों के घर बाढ़ के कारण तबाह हुए हैं उन्हें प्लास्टिक के त्रिपाल वितरित कर अस्थाई टैंट बनाकर रहने में मदद कर रहे हैं स आज ग्राम महटौली एवं पुरा में राघवेंद्र पांडे द्वारा भंडारा किया गया स अपने संसाधनों से खाद्य सामग्री लेकर महटौली पहुंचे राघवेंद्र ने ग्रामीणों की मदद से गांव में ही भोजन पकवा कर खेतों में जहां यमुना नदी की बाढ़ का जल नहीं पहुंच पाया है वहां ग्राम वासियों को बैठा कर भोजन कराया एवं बच्चों को बिस्कुट फल वितरित किए तथा जरूरतमंदों को प्लास्टिक तिरपाल देकर मदद की , इस अवसर पर राघवेंद्र पांडे ने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र एवं उसके आसपास किसी भी ग्रामीण हो भूख प्यास से पीड़ित ना होने देने का यथासंभव प्रयत्न करेंगे । ग्रामीणों के अनुसार जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र पांडे विपदा की घड़ी के बीच संकटमोचन साबित हो रहे हैं।

# पलियाकलां एक्सीडेंट में मृतकों के घर पहुचे पलिया विधायक रोमी साहनी

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। मृतकों के घर पहुचे विधायक रोमी साहनी मृतकों के परिजनों को दी आर्थिक सहायता व अन्य गरीब जरूरतमंदो को इलाज के लिए दिए साठ हजार 60000 रुपये ।पलिया विधानसभा में एक्सीडेंट में मृतकों के घर पहुंचे विधायक रोमी साहनी, मझगई क्षेत्र के ग्राम विष्णुपुर ग्रामसभा बबौरा के विक्रम के बेटा रामानंद की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी थी । विधायक रोमी साहनी को पता चला कि ग्राम विष्णुपुर में विक्रम चौहान का लड़का रामानंद चौहान की एक्सीडेंट में मौत हो गई है विधायक रोमी साहनी मृतक रामानंद चौहान के घर पहुंचे, घर मे कोहराम मचा हुआ था। विधायक ने मृतक के परिवार वालों को ढाढ़स बंधाया, और मृतक रामानंद चौहान की पत्नी सोनम चौहान को रु20000 बीस हजार की आर्थिक सहायता दी। और सरकार से मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया, । इसके बाद पलिया ग्राम रिक्खीपुरवा में रूपनलाल की लड़की गुड्डी देवी पत्नी सुभाष की सड़क हादसे में मौत हो गई विधायक रोमी साहनी मृतका गुड्डी देवी के घर रिक्खीपुरवा पहुंचे और मृतका के पिता को 10000 दस हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। इसके बाद ग्रामसेमरीपूरवा की रमना देवी पत्नी रोशनलाल को इलाज के लिए विधायक रोमी साहनी ने 5000पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी, व पलिया के मोहल्ला किसान द्वितीय की अशोका देवी पत्नी गोविंद की लड़की सुमन के इलाज कराने के लिए विधायक ने दी 4000 चार हजार रुपये की आर्थिक मदद, गंगापुरवा की मोनी पुत्री मुन्ना लाल को 2500 पचीस सौ रुपये की आर्थिक सहायता दी। मानफार्म के मंगल सिंह पुत्र गुरपाल सिंह को 2000 दो हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी, ग्राम मुरारखेड़ा के अभय नंद पुत्र रमेश प्रसाद को इलाज के लिए 2000 दो हजार रुपये दिए। ग्राम कचनारा के दयाराम पुत्र कढ़िले को दी आर्थिक सहायता, पलिया की रजा मस्जिद के पास रहने वाली मेहरुन्निसा पत्नी गुलाम अली को इलाज के लिए दी आर्थिक मदद, लक्ष्मी गौतम पत्नी महेश गौतम पलिया को दी आर्थिक सहायता,ग्राम बरवंडा की बैजंती पत्नी अर्जुन को दी आर्थिक मदद, नई बस्ती पलिया की रहने वाली तैय्यबा पत्नी सरताज को दी आर्थिक मदद, मुकेश सिंह पुत्र जगदीश को दी मदद।अरुण कुमार गुप्ता को इलाज के लिए दी आर्थिक सहायता, पलिया के ग्राम ऐंठपुर के मुंशी लाल पुत्र रामेश्वर को आर्थिक सहायता दी, रमेश सिंह लालुटाण्डा को इलाज कराने के लिए दी आर्थिक सहायता, ग्राम पटीहन के कन्हैयालाल पुत्र को इलाज के लिए आर्थिक मदद दी, एक दिव्यांग व्यक्ति गोलू को दी आर्थिक सहायता, परसपुर की सरजीत कौर पत्नी कमल जीत सिंह को दी आर्थिक मदद, पलिया की तस्लीम बानो पत्नी महताब को दी आर्थिक सहायता । ग्राम लोकनपुरवा के राजेन्द्र प्रसाद सहित सभी लोगो को विधायक रोमी साहनी ने दी आर्थिक मदद ।





# खालिस्तान के विरोध में राष्ट्रीय क्षत्रिय महापरिषद के साथ युवाओं ने भगवा व तिरंगा पदयात्रा निकाली।

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर महानगर। खालिस्तान संगठन के सदस्य गुरु पंत सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आई धमकी कि 15 अगस्त को विधानसभा में नहीं लहराने देंगे तिरंगा, धमकी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया खालिस्तान के विरोध में जगह–जगह विरोध में विरोध प्रदर्शन होने लगा वही कानपुर महानगर के बर्रा क्षेत्र में राष्ट्रीय क्षत्रिय महापरिषद संगठन के साथ मिलकर युवाओं की टोली ने भगवा व तिरंगा के झंडे लेकर 2 किलोमीटर पद यात्रा निकाला और खालिस्तान को चेतावनी देते हुए जयघोष के नारे लगाए, और युवाओं ने बताया कि 15 अगस्त को पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा, खालिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ के समर्थन में उतरे युवा, इस मौके पर मुख्य रूप से संयोजक बृजभान सिंह



(भोले ठाकुर,) राष्ट्रीय क्षत्रिय महापरिषद संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री देवेन्द्र सिंह परमार,(प्रदेश संगठन महामंत्री प्रतिनिधि) यथार्थ शर्मा प्रेम सिंह पारस अंकुश त्रिपाठी, नितिन केसरवानी, प्रमोद सिंह कानपुर मंडल उपाध्यक्ष ,अनुरंजन शुक्ला, अमित शुक्ला, विपिन सविता, दीपक वर्मा, शुभम पांडे, प्रत्युष द्विवेदी, विनायक द्विवेदी,सोनू ठाकुर, अनमोल भट्ट आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## देश को खोखला करता मुफ्तखोरी और अतिक्रमण का दावानल

लोक पर तंत्र के नियंत्रक बनकर स्थापित होने के लिए राजनैतिक दलों में दाव–पेंच की कसरत चल रही है। जाति के आधार से लेकर वर्गो में विभाजित करने की नीतियां सामने आ रहीं है। नागरिकों को मुफ्तखोर बनाकर निकम्मा करने की मंशा चरम सीमा पर है। शिक्षा, स्वस्थ, परिवहन, भोजन, आवास, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधायें जब बिना कुछ किये मिलने लगें, तो फिर काम करने की आवश्यकता ही क्या है। एक खास वर्ग को खुश करने के लिए सरकारें बढ–चढ कर फ्री...फ्री...फ्री... की रट लगा रहीं हैं। जहां चुनावी दंगल होने वाला है वहां तो जातिगत आंकडों के आधार पर महात्व देने का क्रम भी चल निकला है। कहीं चित्रकूट मंथन में पिछडा एजेंडा पास होता है तो कहीं लखनऊ दरबार में ब्राह्मणों को लुभाने के पैतरों पर काम शुरू किया जाता है। दलितों को झंडे के नीचे लाने के लिए अप्रत्यक्ष में लुभावने प्रयास किये जा रहे हैं तो कहीं मुस्लिम समाज का ठेकेदार बनकर स्वयं को उनका एकमात्र नेता बताने वाले आगे आ रहे हैं। धार्मिक कट्टरता से लेकर अतीत के दुःखद पहलुओं तक को रेखांकित किया जा रहा है। इन सब के पीछे मुख्य मुद्दा दब सा गया है। उस ओर न तो सत्ता पक्ष कोई स्पष्ट खाका प्रस्तुत कर रहा है और न ही विपक्ष उन मुद्दों को उठा रहा है। वर्तमान में हालात यह है कि जिस तरह से मुफ्तखोरी के लिए सरकारें खजाने खाली कर रहीं है, उसकी भरपाई कैसे होगी? इस दिशा में कोई भी बात करने को तैयार नहीं है। दान, अनुदान और महादान के नाम पर पैसा लुटाया जा रहा है। कुछ खास वर्गों को रेखांकित करके उन्हें सुविधाओं की सौगातों पर सौगातें दी जा रहीं है। क्या वास्तव में हमारी सरकारों के पास इतना धन संचय है कि वे आने वाले दसियों साल तक देश की एक बडी आबादी को मुफ्त में विलासतापूर्वक जीवन यापन के करने के साधन उपलब्ध कराती रहेंगी। वास्तविकता तो यह है कि देश खोखला होता चला जा रहा है। उसे मजबूत करने वाले भी अब मजबूर होते जा रहे हैं। मुफ्तखोरी के कारण कारखानों को श्रमिक नहीं मिल रहे है, धंधा करने वालों को संसाधन नहीं मिल रहे हैं, निर्माण कार्यों के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं, व्यवसाय के लिए पूंजी नहीं मिल रही है। दूसरी ओर बैंकों ने ग्राहकों से मनमानी कटौती करना शुरू कर दी है, कोरोना काल में काम–धंधा न चलने के कारण तंगी से गुजरने वालों से कर्ज की वसूली के फरमान जारी हो रहे हैं, बिजली बिल से लेकर गृहकर तक में आशातीत वृध्दि हो गई है, टैक्स भरने के नोटिस दिये जा रहे हैं, पेट्रोल–डीजल के दामों में कल्पना से परे की बढोत्तरी सामाने आ रही है, मंहगाई पर लगाम लगाने के स्थान पर उसे हवा देने का काम हो रहा है। ऐसे में यदि कोई मजे में है तो वह है सरकारी विभागों में काम करने वाले स्थाई कर्मचारी और अधिकारी, जिन्हें माह की पहली तारीख को एक बडी धनराशि मिल जाती है। काम हो या न हो, घोषित अवकाश हो या अघोषित अवकाश। सरकारी कर्मचारी–अधिकारी, भाई–भाई का नारा उडान भर रहा है। ऐसे में संविदा पर काम करने वालों का खून चूसने की तिकडमों भिडाई जा रहीं है। आखिर आंकडों की बाजीगरी से कागजों का पेट जो भरना है। देश के सामने उपलब्धियों का खाका जो प्रस्तुत करना है। यह अलग बात है कि वह खाका सत्य के कितने नजदीक होता है। मुफ्तखोरी का जमाना खत्म होने के स्थान पर नित नये कीर्तिमान गढने में लगा है। ओलम्पिक में स्वर्ण पदकों की संख्या भले ही इकाई में हो परन्तु देश में मुफ्तखोरी में डायमण्ड मैडल जीतने वाले करोडों हैं। विश्व में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जहां निवासियों को मुफ्तखोरी की आदत डालने की होड लगी हो। प्रतिभा के विस्तार के स्थान पर आरक्षण, काम उपलब्धा कराने के स्थान पर मुफ्तखोरी, योग्यता के मापदण्डों पर समझौता करके जातिगत शिथिलता, वर्ग के आधार पर विभाजन करके प्राथमिकता, क्षेत्र के आधार पर पक्षपात जैसे अनेक कारक हैं जो राष्ट्र के निरंतर कमजोर होने की कहानी कह रहे हैं। प्रतिभायें कुण्ठित हो रहीं है तभी तो इंजीनियरिंग की डिग्रीधारी युवा आज सफाई कर्मचारी की भर्ती में लाइन लगा हैं। योग्यता में शिथिलता पा कर सेवायें देने वाले चिकित्सकों से उनकी नियुक्ति करने वाले भी इलाज करवाने से कतरा रहे हैं। जो राजनेता और अधिकारी सरकारी चिकित्सालयों के शिलान्यास–उद्घाटन करते हैं, वे स्वयं अपने लिए निजी अस्पतालों की सेवायें ढूंढते नजर आते हैं। मुफ्तखोरी के अलावा अतिक्रमण का खुले आम तांडव हो रहा है। देश में शायद ही ऐसा कोई गांव, कस्बा, नगर या महानगर होगा यहां शासन–प्रशासन के सामने ही अतिक्रमण न हुआ हो। देश की राजधानी के सबसे खूबसूरत कनार्ट प्लेस में गुमटियों, टपरों सहित त्रिपाल लगाकर खुले आम अतिक्रमण देखा जा सकता है। यही हाल मुम्बई, कोलकता, चेन्नई जैसे शहरों का भी है। उत्तरदायी अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि जिन रास्तों से होकर रोज गुजरते हैं, जब उन्हें सामने का अतिक्रमण नहीं दिखता तो फिर दूर दराज के इलाकों की चिन्ता किसे है। हां यह बात जरूर है कि जब किसी अधिकारी या राजनेता के व्यक्तिगत हित किसी स्थान विशेष या व्यक्ति विशेष से जुड जाते हैं, तब अतिक्रमण जैसी अनियमिततायें साकार होकर तूफानी गति से सामने आ जातीं है। आनन फानन में दण्डात्मक कार्यवाही शुरू हो जाती है। बाकी देश की किसे पडी है। देश को खोखला करता मुफ्तखोरी और अतिक्रमण का दावानल जब तक सरकारी संरक्षण पाता रहेगा तब तक न तो स्वर्णिम भविष्य की कल्पना ही सार्थक होगी और न ही राष्ट्र के मजबूत होने की कसमें खाई जा सकेंगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# डिजिटल कारोबार में नई बढ़त

–डा. जयंतीलाल भंडारी–

इन दिनों पूरी दुनिया में हाल ही में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) के द्वारा प्रकाशित डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा वैश्विक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 को पढ़ा जा रहा है। इस सर्वेक्षण में शामिल दुनिया की 143 अर्थव्यवस्थाओं के तहत व्यापार की पारदर्शिता, औपचारिकताएं, संस्थागत प्रावधान व सहयोग, कागज–रहित व्यापार एवं सीमा पार कागज रहित व्यापार जैसी मुख्य व्यवस्थाओं के मद्देनजर भारत ने 90.32 फीसदी अंक हासिल किए हैं। दो वर्ष पहले वर्ष 2019 में किए गए इस सर्वेक्षण में भारत को 78.49 फीसदी अंक मिले थे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा में कोरोना की चुनौतियों के बीच भारत ने पिछले दो वर्षों में अपनी स्थिति को काफी मजबूत किया है। गौरतलब है कि इस सर्वेक्षण में भारत का समग्र स्कोर भी फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, नार्वे, फिनलैंड आदि कई देशों के मुकाबले अधिक पाया गया है। भारत ने पारदर्शिता सूचकांक के लिए 100 फीसदी और व्यापार में महिलाओं की भागीदारी संबंधी मामले में 66 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

यह भी महत्त्वपूर्ण है कि डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा पर यूएनईएससीएपी रैंकिंग में सुधार के संदर्भ में भारत दक्षिण एवं दक्षिण–पश्चिम एशिया क्षेत्र और एशिया–प्रशांत क्षेत्र की तुलना में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश है। जहां भारत के लिए कोविड–19 वैश्विक महामारी के दौरान सीमा शुल्क ढांचे के तहत कोविड से संबंधित आयातों जैसे ऑक्सीजन से संबंधित उपकरण, जीवन रक्षक दवाएं, टीके आदि में तेजी लाने के विभिन्न प्रयास लाभदायक रहे हैं, वहीं केंद्रीय अप्रत्यक्ष करों के मामले में भी भारत के द्वारा फेसलेस, पेपरलेस और कांटैक्टलेस व्यवस्था के लिए उठाए गए उल्लेखनीय कदम भी यूएनईएससीएपी रैंकिंग में सुधार के लिए प्रभावी रहे हैं। चूंकि कोरोनाकाल के कारण देश और दुनिया की कारोबार गतिविधियां तेजी से ऑनलाइन हुई हैं, अतएव वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) और आउटसोर्सिंग को व्यापक तौर पर बढ़ावा मिलने से भारत की डिजिटल कारोबार अहमियत बढ़ी है। कोरोना की चुनौतियों के बीच भारत के आईटी सेक्टर के द्वारा समय पर दी गई गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से वैश्विक उद्योग–कारोबार इकाइयों का भारत की आईटी कंपनियों पर भरोसा बढ़ा है। चीन से मोहभंग होने के कारण भी भारत के डिजिटल कारोबार में विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन में ई–कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन एजुकेशन तथा विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के डिजिटल होने से अमरीकी टेक कंपनियों सहित दुनिया की कई कंपनियां भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा रिटेल सेक्टर के ई–कॉमर्स बाजार की चमकीली संभावनाओं को मुठि्ठयों में करने के लिए निवेश के साथ आगे बढ़ी हैं।

इसके साथ–साथ अमरीका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी–बड़ी कंपनियां नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय आईटी प्रतिभाओं के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत में अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे रही हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए लागत और प्रतिभा के अलावा नई प्रोद्यौगिकी पर इनोवेशन और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते दुनिया की कंपनियां भारत का रुख कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में डिजिटल कारोबार सुविधाएं बढ़ने और भारत के कारोबारी सुगमता में आगे बढ़ने का स्पष्ट संकेत वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2020 से भी मिलता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत 190 देशों की सूची में 63वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत कारोबारी सुगमता की विश्व रैंकिंग में 14 स्थान की छलांग के साथ 63वें स्थान पर पहुंच गया है। वर्ष 2019 में इस सूची में भारत 77वें स्थान पर था। विश्व बैंक ने भारत को कारोबार का माहौल सुधारने के मामले में 9वां सर्वश्रेष्ठ देश बताया है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत ने जिन चार क्षेत्रों में बड़े सुधार किए हैं वे हैंः एक– बिजेनस शुरू करना, दो– दिवालियापन का समाधान करना, तीन– सीमा पार व्यापार को बढ़ाना तथा चार– कंस्ट्रक्शन परमिट्स में तेजी लाना। इसमें कोई दो मत नहीं है कि डिजिटल एवं टिकाऊ कोराबार सुविधाओं पर आधारित भारत की मजबूत बुनियाद और बड़े बाजार की वजह से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) तेजी से बढ़ा है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के मुताबिक वर्ष 2020 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह 25.4 फीसदी बढ़कर 64 अरब डालर तक पहुंच गया है। वर्ष 2019 में यह 51 अरब डालर था।

दुनिया में एफडीआई प्राप्त करने के मामले में भारत वर्ष 2019 में आठवें स्थान पर था, जो 2020 में पांचवें स्थान पर आ गया। निश्चित रूप से देश में देश के उद्योग–कारोबार में एफडीआई बढ़ने का एक बड़ा कारण सरकार के द्वारा उद्योग–कारोबार को डिजिटल और आसान बनाने के लिए किए गए कई ऐतिहासिक सुधार भी हैं। देश में बड़े टैक्स रिफॉर्म हुए हैं। जीएसटी लागू किए जाने की सार्थकता दिखाई दे रही हैं। कारपोरेट कर में बड़ी कमी की गई है और बड़े आयकर सुधार लागू किए गए हैं। निवेश और विनिवेश के नियमों में परिवर्तन भी किए गए हैं। पुराने व बेकार कानूनों को खत्म कर नए सरल कानूनों को लागू किए जाने और विभिन्न आर्थिक मोर्चों पर सुधारों के दम पर निवेश के मामले में तेजी से डिजिटलीकरण की डगर पर बढ़ते हुए भारत को लेकर दुनिया का नजरिया बदला है। निश्चित रूप से डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार के मद्देनजर भारत लाभ की स्थिति में हैं। लेकिन स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी सीमित संख्या में ही भारत नई डिजिटल की कौशल प्रशिक्षित प्रतिभाएं डिजिटल कारोबार की जरूरतों को पूरा कर पा रही हैं। अब दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की और नई तकनीकी योग्यताओं के साथ एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग एवं अन्य नए डिजिटल स्किल्स से सुसज्जित किया जाना होगा। निःसंदेह देश में सरकार ने डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नीतिगत स्तर पर कई सराहनीय कदम उठाए हैं। लेकिन अभी इस दिशा में बहुआयामी प्रयासों की जरूरत बनी हुई है। डिजिटलीकरण के लिए आवश्यक बुनियादी जरूरतों संबंधी कमियों को दूर किया जाना होगा। डिजिटल भाषा से देश के अधिकांश लोगों को सरलतापूर्वक शिक्षित–प्रशिक्षित करना होगा।

चूंकि बिजली डिजिटल अर्थव्यवस्था की महत्त्वपूर्ण जरूरत है, अतएव सभी दूरवर्ती क्षेत्रों में बिजली की पर्याप्त पहुंच बनाई जानी जरूरी है। अभी भी बड़ी संख्या में लोगों के पास डिजिटल पेमेंट के तरीकों से भुगतान के लिए बैंक–खाता, इंटरनेट की सुविधा वाला मोबाइल फोन या क्रेडिट–डेबिट कार्ड की सुविधा नहीं है, अतएव ऐसी सुविधाएं बढ़ाने का अभियान जरूरी होगा। देश में डिजिटल कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड के मामले में देश को आगे बढ़ाया जाना होगा। अब डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा के क्षेत्र और आगे बढ़ने के लिए कृषि, स्वास्थ्य और वेलनेस, टेलीमेडिसिन, शिक्षा और कौशल विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता से टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस बनाए जाने होंगे। भारत के स्टार्टअप के संस्थापकों को आईटी से संबंधित वैश्विक स्तर के उत्पाद बनाने पर ध्यान देना होगा, जिससे डिजिटल कारोबार के क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा में देश की जगह बनाई जा सकेगी। ऐसा होने पर हम उम्मीद करें कि आगामी दो वर्ष बाद प्रस्तुत होने वाले यूएनईएससीएपी के डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा सर्वेक्षण 2023 में भारत का प्रस्तुतीकरण बेहतर हो सकेगा और भारत की रैंकिंग और बढ़ सकेगी।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद को आये सपा के शिक्षक नेता अशोक राठौर

## बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए खोल रखा निशुल्क भोजन वितरण केंद्र

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई, जालौन। वैसे तो जनपद की बेतवा, यमुना सहित आदि नदियों के किनारे बसे दर्जनों गांवों के ग्रामीण बाढ़ की चपेट में आ गये है यहां तक कि बाढ़ के पानी से गांव घिरे होने के कारण ग्रामीणों का आवागमन भी अवरुद्ध हो गया है ऐसे में बाढ़ से घिरे लोगों के सामने भोजन की समस्या खड़ी हो गयी है। इसी तरह माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के नदियां पार के दर्जनों गांव यमुना का जल स्तर बढ़ने के कारण बाढ़ से घिरे हुए ऐसे लोगों की मदद के सपा के शिक्षक नेता एवं कोंच–माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र से प्रवल दावेदार अशोक कुमार राठौर आगे आये और बाढ़ प्रभावित लोगों को लंच के पैकेट के अलावा राशन सामग्री भी उनके पास तक पहुंचाने का काम कर रहे है।इतना ही नहीं सपा शिक्षक नेता अशोक राठौर ने रामपुरा के रामदत्त द्विवेदी महाविद्यालय में निशुल्क भोजन वितरण केन्द्र भी खुलवा रखा है जहां पर बाढ़ से प्रभावित लोगों को खाने पीने की ब्यवस्था चौबीस घंटे उनके द्वारा की जा रही है। सपा नेता अशोक कुमार राठौर का कहना है कि क्षेत्र के किसी भी बाढ़ पीड़ित परिवार को भूखा नहीं सोने दिया जायेगा ऐसे लोगों के लिए उनके द्वारा राशन सामग्री से लेकर भोजन की ब्यवस्था की जा रही है। उधर सपा नेता अशोक कुमार राठौर के इस कार्य से बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत मिलती दिखाई दे रही है।



# श्रीगांधी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य के आकस्मिक निधन पर पंतहाल में श्रद्धांजलि सभा की गयी आयोजित

## स्व. रविशंकर अग्रवाल को शिक्षकों समाज ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई, जालौन। गाँधी इण्टर कालेज उरई में प्रधानाचार्य स्व. डॉ रवि शंकर अग्रवाल आकस्मिक निधन पर विद्यालय के पंतहाल सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा आहूत की गयी । श्रद्धांजलि देते हुये शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह जनपद में शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र की बहुत बड़ी छति है उन्होने कहा कि स्व. रवि शंकर अग्रवाल ने शिक्षा जगत में अपना नाम रोशन करने के अतिरिक्त तमाम सामाजिक क्षेत्रों में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया जिला विद्यालय निरीक्षक भगवत पटेल एवं जिला कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि जनपद के शिक्षा जगत में एक शून्य की स्थिति हो गयी है किसे पूरा करना बहुत बड़ी चुनौती होगी उन्हाने कहा कि शिक्षा के अलावा सामाजिक सांस्कृतिक और नवाचार के क्षेत्र में भी डॉ. रवि जी का योगदान हमेशा याद किया जायेगा प्रदेश उपाध्यक्ष मा.शि.संघ ठाकुर प्रसाद यादव ,शिक्षक नेता गिरिन्द्र कुशवाहा ने कहा कि उनके कार्य काल में विद्यालय ने अभूतपूर्व प्रगति की सभा के प्रदेश सचिव प्रदीप दीक्षित, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजीव नारायण मिश्रा ,नगर अध्यक्ष रेहान सिद्दीकी ने कहा कि उनका बहुमुखी व्यक्तित्व था सारा जीवन हमे उनकी कमी खलेगी । प्रादेशिक मंत्री डॉ. राकेश निरंजन ,कार्यकारिणी सदस्य अजीत सक्सेना ,कोषाध्यक्ष रामजी गुर्जर, जिलामंत्री अरविन्द शुक्ला , कौशल किशोर गुर्जर ने कहा कि प्रधानाचार्य बनने के बाद उन्होने विद्यालय को बुलंदी पर पहुंचाया और लगातार नौ वर्ष तक सांस्कृतिक क्षेत्र में मण्डल चैम्पियन रहे और विद्यालय का नाम रोशन किया सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मिर्जा शाबिर बेग, शिक्षक अमृत लाल और शैलेश कुमार ने गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, भूपेन्द्र सेंगर , महेश द्विवेदी,नगर पालिका अध्यक्ष अनिल बहुगुणा ने कहा कि डॉ. रवि विशाल व्यक्तित्व के और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे । इस श्रद्धांजलि सभा में अशोक सिंह चन्द्रकेश राम, देवेन्द्र झा, भूपेन्द्र सेंगर, मनीष पालीवाल, देवेन्द्र गुप्ता, सुधीर गुप्ता , जितेन्द्र वर्मा, मनोज राजपूत , अपर्णा शर्मा, आनन्द शर्मा, क्रमांक शुक्ला, युद्धवीर कंथरिया, विद्या सागर मिश्रा, रजत कुलश्रेष्ठ, अमृत सिंह देवेन्द्रपाल सिंह ,अतुल अहिरवार, दीपक गौतम ,राकेश सरोज, रक्षित अग्रवाल, शिवि अग्रवाल, सारिका तिवारी आनंद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजय व्यास ने किया।



# जालौन में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचा

## सरकार की तरफ से कोई राहत नहीं मिल रही– पूर्व विधायक

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई, जालौन। माधौगढ़ तहसील जमुना नदी किनारे बसे जगम्मनपुर, रामपुरा में तेजी से पानी बढ़ रहा है यहां 20 से 25 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जमुना में तेजी देखने को मिल रही है ही जलस्तर कोटा बैराज से चंबल में छोड़े गए पानी और सिंध नदी में आई बाढ़ के कारण बढ़ रहा है खतरे का निशान 108 मीटर है लेकिन पानी 107, 78 मीटर पर पहुंच गया वहीं जालौन के उरई, रामपुरा, जगम्मनपुर में लगातार बारिश से जलभराव की स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि दर्जनों गांवों का संपर्क वहां से टूट गया है। वहां पहुंचे समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा बाढ़ से प्रभावित लोगों से मिले तो भरोसा दिलाया की शासन –प्रशासन से राहत दिलवाने का काम करूंगा प्रशासन के लोगों से मेरी बात हुई है जो संभव मदद होगी वह आप लोगों की करवाई जाएगी। वही भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा की भाजपा की सरकार गरीबों को बर्बाद करने का काम कर रही है। किसानों मजदूरों के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार आफत बनी हुई है। चुनाव आते ही भारतीय जनता पार्टी के लोग किसानों मजदूरों को लालच देने के अलावा कोई काम नहीं करते लालच देकर वोट लेने का काम करते हैं।

किसी प्रकार की कोई राहत नहीं दे रही है। तो वही कहा की 2022 में हमारी समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही लोगों को उचित मुआवजा की राशि दिलाई जाएगी। किसी प्रकार का किसान मजदूरों के साथ भेदभाव हमारी समाजवादी पार्टी नहीं करती है। न ही किसी का हक छीना जाएगा। बाढ़ से प्रभावित लोग प्रेमचंद, उदल सिंह, तुलाराम, शिवराज सिंह ,राजू सिंह ,तेजराम सिंह ,रामसेवक ,फूल सिंह, रघुनंदन, संतोष ,शिव चरण सिंह, संतोष कोटेदार, रामअवतार राजपूत, जयप्रकाश सैकड़ों प्रभावित लोगों से मिले समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष बालकराम पाल, दीपक सिंह सेंगर पूर्व जिला सचिव समाजवादी पार्टी, श्याम किशोर, चंद्रभान पाल, शिवम सिंह विलोहा, शिव चरण सिंह राजपूत ,संजीव कुमार ओझा, नंदलाल सिंह राजपूत, रामअवतार राजपूत, नितीश राजपूत, गजराज राजपूत पार्टी के तमाम पदाधिकारी साथ मौजूद रहे।



# प्रभारी मंत्री नीलमा कटियार का पुलिस लाइन में उतरा उड़न खटोला

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वितरित करेगी राहत सामग्री

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई,जालौन। जनपद जालौन की प्रभारी मंत्री नीलमा कटियार आज रविवार को हेलीकॉप्टर के द्वारा पुलिस में उतरी इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अमले के साथ जनपद जालौन के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर निरीक्षण किया। इस मौके जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के अलावा कालपी विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन, माधौगढ़ विधायक मूलचन्द निरंजन, विधायक गौरीशंकर वर्मा के अलावा जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा एसडीएम कालपी, माधौगढ़, जालौन, उरई तथा सभी तहसीलदारों के साथ ही राजस्व विमाग के अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री नीलमा कटियार एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की देखरेख में पुलिस लाइन से चार पहिया वाहनों के द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री भिजवाये जाने का काम किया गया जहां पर वाहनों से राहत सामग्री नहीं पहुंच सकती थी उन बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के लोगों को प्रशासन द्वारा हेलीकॉप्टर के द्वारा राशन सामग्री तथा खाद्यान्न के पैकेट भिजवाये गये। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री नीलमा कटियार, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने हेलीकॉप्टर के माध्यम से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया।



# बाढ़ नियंत्रण के लिए तैयारियों में जुटा प्रशासन।

अवध की आवाज ब्यूरो

शुक्लागंज। परियर समेत बांगरमाऊ और बीघापुर क्षेत्रो में गंगा के किनारे बनाये गए मकानों को नोटिस, जल स्तर बढ़ने तक सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील।कल डीएम ने गंगा कटरी क्षेत्रो का किया निरीक्षण, तो शनिवार को सदर नायब तहसीलदार ने निरीक्षण कर निर्देश दिए। नायब तहसीलदार मंजूला मिश्रा ने शुक्लागंज स्थित गंगा के किनारे बने घरों और वार्डो का लिया जायजा, आम जन से भी हुई रूबरू, मौजूद जिम्मेदारों को दिए निर्देश।





अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव उन्नाव गंगाघाट कोतवाली के अंतर्गत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्न योजना के अंतर्गत आज कटरी पीपर खेड़ा के वार्ड के कोटेदार मुन्ना लाल के द्वारा अन्न् महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन वितरित किया गया जिसमें वार्ड नंबर 27 के सभासद नितिन तिवारी (अभिषेक) बबलू शुक्ला सूरज साहू अभिषेक शुक्ला जितेन्द्र् तिवारी व महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीना राठौर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा (भाजपा) से शुभम तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य शिवपूजन राजभर ने किया गौरा विधानसभा का दौरा

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। आगामी विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सभी पार्टियों के नेताओं ने दौड़ भाग शुरू कर दी है भागदौड़ के इसी क्रम में आज पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य शिवपूजन राजभर ने गोंडा के गौरा विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इसी दौरान वह गौरा विधानसभा क्षेत्र के अनेकों ग्राम पंचायतों में जाकर बीजेपी सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों जानकारी दी उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास वाली सरकार है और खासकर पिछड़े समाज के लिए सबसे अच्छी सरकार है उन्होंने आगे राजभर समाज तथा पिछड़े वर्ग के लोगों से भारतीय जनता पार्टी के साथ रहने की अपील की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान गौरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा बारा खां में मनोज राजभर के आवास पर बैठक भी की , पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य शिवपूजन राजभर का मंडल अध्यक्ष शोहरत वर्मा, मनोज राजभर, अनिल राजभर, अंशुल शेखर ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता मनोज राजभर ने किया, इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शोहरत वर्मा, अंशुल शेखर उर्फ शुभम श्रीवास्तव, अनिल राजभर, विनोद राजभर, सहित बीजेपी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।





अवध की आवाज ब्यूरो

हिंदू जागरण मंच महानगर बरेली द्वारा अखंड भारत संकल्प संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के प्रथम दिवस आज 8 अगस्त को हिंदू जागरण मंच महानगर के कार्यकर्ता महाराजा छत्रपति शिवाजी चौक पर एकत्र होकर महाराजा की मूर्ति के स्नान एवं सफाई करने के उपरांत महाराजा को माल्यार्पण कर ठंडी लगाकर महाराजा का आशीर्वाद प्राप्त किया आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता महानगर उपाध्यक्ष विशाल प्रकाश महानगर मंत्री राजीव गुप्ता नरोत्तमदास मौर्य सुभाष गंगवार रजत गंगवार राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# युवा नेता विकास अग्रवाल ने कराया विशाल तरीके से रुद्राभिषेक।

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। वो कहते है कि हर किस्से की शुरुआत सुनी अनसुनी कहानियों से होती है कानो में पड़े दिल को छूते अल्फाजों से होती है। सुनी तो मैंने भी थी एक ऐसे शक्स की कहानी जो इंसानियत की वजह से है कि सम्पूर्ण जनपद लखीमपुर खीरी में वो किसी परिचय के मोहताज नही है। बताते चलें कि जनपद की विधानसभा निघासन कस्बे के हनुमान गढ़ी मंदिर में युवा नेता विकास अग्रवाल के द्वारा शिव भक्ति में लीन होकर रुद्राभिषेक कराया



जाना जाता है। जिसमें हर वो चीज है जो लोगों के दिलों में बैठ जाती है और तारीफ बन बाहर आती है।

जी हाँ हम बात कर रहे है जनपद लखीमपुर खीरी में अपने नेक व्यवहार के बल अलग मुकाम हांसिल करने वाले युवा नेता विकास अग्रवाल की जिन्होंने राजनीति में कदम रखने से पहले खुद को जनता के दिलों में खुद को बसाया। विकास अग्रवाल ने आज वो मुकाम हांसिल कर लिटा गया। जिसमें निघासन क्षेत्र सम्मानित लोगों ने सम्मलित होकर शिव की भक्ति में लीन होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया व प्रसाद ग्रहण कर सूक्ष्म जलपान भी किया। इस दौरान निघासन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप, लुधौरी पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि मनोज जयसवाल,जसवंत वर्मा ,अमर प्रकाश ,मोनू ,पिंटू ,आदि समस्त श्रद्धालु रहे मौजूद।

# निरीक्षक पद से पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नत हुये निरीक्षक को पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा डा0 राकेश सिंह द्वारा सफेद धातु सितारे पहनाकर उन्हे शुभकामनाएं दीं।

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। शिविर कार्यालय गोण्डा की मीडिया सेल में तैनात निरीक्षक शिव बरन यादव के निरीक्षक पद से पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नत होने के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज गोण्डा डॉ0 राकेश सिंह द्वारा कंधो पर सफेद धातु सितारा अलंकृत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं गयीं। आईजी डा0 राकेश सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि निरीक्षक शिव बरन यादव द्वारा कठिन परिश्रम व अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यो का पालन किया गया, जिसका उनको सकारात्मक परिणाम मिला है। आप सभी पुलिसकर्मियो को इनका अनुसरण करते हुये अपने कर्तव्यों का पालन मेहनत व ईमानदारी से करना चाहिये। इस अवसर पर शिविर कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।





# आखिर कब तक प्रताणित होता रहेगा चौथा स्तंभ

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ़, जालौन। पिछले गत दिनों से तहसील एवं जिले भर में फर्जी पत्रकारों की बड़ी संख्या में तादात बढ़ गयी आए दिन डॉक्टरों, मास्टरों, ठेकेदारों एवं राजनैतिक दलों



से पत्रकारिता के नाम पर धन उगाई करते हैं इन लोगो के पास न ही कोई प्रेसआईकार्ड और न ही किसी संस्थान से जुड़े हुए है इससे सबसे ज्यादा हानि पत्रकारों को हो रही हैं जब



पुलिस गाड़ियों की चेकिंग अभियान चलाती तो ऐसे मे ये फर्जी पत्रकार पुलिस के ऊपर अपना रौब झाड़ते हुए कहते है कि हम मीडिया से है और अपने आपको पत्रकार बताकर भाग जाते वही अपने आपको पत्रकार कहने वालों की तादात बहुत ज्यादा हो गई हैं ऐसे फर्जी पत्रकारों की गाड़ियां थाने में सड़ गल रही हैं अब फर्जी पत्रकारों के खिलाफ जल्द अभियान चलाया जाए जिससे पत्रकारो का सम्मान बचा रहे ऐसे में वास्तविकता से जो पत्रकार बन्धु हैं उनकी छबि धूमिल हो रही हैं पत्रकार देश का चौथा स्तंभ हैं जो अब फर्जी लोगो ने इसे कमाई का जरिया बना रखा है अब आए दिन शिकायतें मिल रही हैं कि ठेकेदारों से धन उगाई की जा रही हैं तो कही मास्टरों से बसूली की जा रही हैं इससे न सिर्फ पुलिस को बल्कि सबसे ज्यादा पत्रकारों की छबि खराब हो रही हैं इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बड़ी गम्भीरता से लेते हुए कहा कि जिले में हो या तहसीलो में फर्जी पत्रकारों को कतई बख्शा नही जाएगा माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि अब थाने में पीस कमेटी की बैठक बुलाई जाएगी और उस मीटिंग में सभी पत्रकारों का परिचय लिया जाएगा साथ ही उनका सम्मान किया जाएगा और कौन की संस्था से जुड़ा हैं इस मीटिंग में बताएगा जिससे सभी पत्रकारों की सूची विभाग में भेजी



जाएगी जिससे फर्जी पत्रकारों को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा अरुण तिवारी थाना प्रभारी कुठौंद ने कहा कि थाना में किसी प्रकार के फर्जी पत्रकारों की आवाजाही नही हो सकती क्योंकि पुलिस भी पत्रकारों का सम्मान करती हैं लेकिन कुछ लोग यह समझने लगते की हम उनके दबाव में सम्मान



करते हैं लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं हैं देश का चौथा स्तंभ हैं पत्रकारिता जब दूसरो को सम्मान दोगे तभी सम्मान पाओगे इसी प्रकार जेपी पाल थाना प्रभारी रामपुरा ने कहा कि पत्रकारो की जल्द ही मीटिंग बुलाई जाएगी जिससे सभी पत्रकार अपना अपना परिचय से अवगत कराएंगे जिससे फर्जी पत्रकारों को पकड़ सके माधौगढ़ पत्रकार मोनू शर्मा ने बताया कि तहसील व ब्लॉक में फर्जी पत्रकारों की भरमार देखने को मिल रही है जिसमे पत्रकार कहकर लोग चौथे स्तंभ को झुकाना चाहते हैं वही अरविन्द कुमार ने बताया कि कोई भी पुलिस अथवा किसी भी व्यक्ति से पत्रकार होने की बात करे तो पहले उसको परख ले कि यह वास्तविक से पत्रकार हैं या पत्रकारिता को बदनाम कर रहा है राजापूरनपूरा ने कहा कि वह हैं जो हर सुख दुःख में हर व्यक्ति का साथ देता है अच्छा हो या बुरा वह हर पल खबर को कवरेज करने के लिए भी नही चूकता चाहे दिन हो या रात लेकिन फिर भी पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लिखे जाने लगे राजावत ने कहा कि पत्रकार के घर परिवार में क्या चल रहा हैं लेकिन फिर भी अपने परिवार को



छोड़कर दूसरो के हितों के लिए हरपल तैयार रहता है भरत दुवे ने बताया कि कुछ फर्जी पत्रकारों के चलते पत्रकार बदनाम हो रहे है ऐसे में पुलिस भी फर्जी पत्रकारों के ऊपर कोई बड़ा कदम नहीं उठा रही उल्टा ही पुलिस पत्रकारों के ऊपर बिना किसी जांच के फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही वही प्रिंट मीडिया के माधौगढ़ में पत्रकार अमित पवार अमर उजाला रामपुरा, अवधेश विश्वकर्मा दैनिक जागरण झांसी, सुखदेव सिंह अमर उजाला माधवगढ़ तहसील संवाददाता, विजय द्विवेदी पचनदा न्यूज, मानसिंह दैनिक हिंदुस्तान तहसील संवाददाता माधवगढ़, सुरेन्द्र श्रीवास्तव दैनिक जागरण कानपुर, दैनिक आज भरतदुवे कदौरा, राजावत, राजा पूरनपूरा, आलोक श्रीवास्तव दैनिक विश्ववार्ता, दैनिक जागरण झांसी और दैनिक विश्ववार्ता अरविन्द कुमार, कैनविज टाइमन्स और शाश्वत टाइम्स मोनू शर्मा जिला ब्यूरो आदि।

# अन्नोत्सव नहीं यह भाजपा का लूट उत्सव है प्रवीण सिंह चौहान

अवध की आवाज ब्यूरो

मध्य प्रदेश। सिंगरौली जिले में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान के नेतृत्व मे व डब्बू सिंह चंदेल जुल्फिकार अली भुट्टो वह कांग्रेस के दर्जनों पदाधिकारियों



की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई इसमें प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि यह अन्य उत्सव नहीं भाजपा का लूट उत्सव है। उन्होंने कहा कि जिस तरह आज भाजपा कार्यकर्ताओं को समाज सेवा के रूप में कलेक्टर के हस्ताक्षर से प्रेस नोट जारी किया गया चाहे विधायक हो भाजपा के जिला अध्यक्ष हो या फिर भाजपा के वरिष्ठ नेता सिर्श कांत देव सिंह हो आखिर जिला प्रशासन की क्या मजबूरी थी इन भाजपा पदाधिकारियों को समाजसेवी बनाकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम केंद्र में मुख्य अतिथि बनाया गया कांग्रेश इसी बात का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि हम इस कार्यक्रम के विरोधी नहीं हैं। लेकिन भाजपा के इस लूट उत्सव के विरोधी हैं जिस तरह सरकारी योजना को भाजपा ने अपनी पार्टी की योजना बनाकर सिद्ध कर दिया इससे कहा जा सकता है कि सिंगरौली के कलेक्टर भाजपा नेताओं की कठपुतली बन गए हैं वहीं प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि जिले में कई जगह खाद्यान्न वितरण केन्द्र मे मारपीट जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है क्योंकि इस सीजन में किसान अपनी खेती बाड़ी में व्यस्त है लेकिन सैकड़ों की संख्या में लोगों को बुलाकर हर वितरण केंद्र में सिर्फ भाजपा पदाधिकारियों को खाद्यान्न दिया जा रहा है बाकी लोगों को कहा जा रहा है कि आपको दूसरे दिन दिया जाएगा इसी बात का लोगों ने विरोध किया था और जिले में कई जगह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है यह विवाद की स्थिति भाजपा के नेताओं ने उत्पन्न कराया है।

# सीतापुर अपना दल यस ने महमूदाबाद विधान सभा का किया गया भृमण।

अवध की आवाज ब्यूरो

महमूदाबाद। सीतापुर दिनांक 08/08/2021 रविवार को जिला सीतापुर की विधानसभा महमूदाबाद का भृमण किया गया। जहां चांदपुर लोधौनी – बाँसुरा में चैपाल बैठक कर लोगो को पार्टी सदस्यता ग्रहण कराई गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पटेल जी कर रहे थे। जिसमे मोव सकील , अर्चना विश्वकर्मा व मनोज यादव (क्षेत्र पंचायत सदस्य)को सक्रिय सदस्य बनाया गया। जिसमे पार्टी की नीतियों के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। और सँगठन को मजबूत बनाने की भी चर्चा की गई । बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद पटेल , जिला महासचिव सेवकराम वर्मा , जिलाध्यक्ष आई टी मंच सुधीर पटेल , जिला सचिव शिवदास शुक्ला, रामनरेश गुप्ता जिला कार्यकारिणी सदस्य, सईद अहमद विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच व अन्य दर्जनों कार्यकर्ता गण चौपाल मे मौजूद रहे।





# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को अंग वस्त्र व उत्तर प्रदेश गौरव स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। कानपुर महानगर बिठूर में कांग्रेस पार्टी द्वारा परिवर्तन संकल्प भाजपा गद्दी छोड़ो मार्च का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू शामिल हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। वहां पर मौजूद इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भावी महापौर प्रत्याशी विजय सिंह मर्तोलिया ने कहा उत्तर प्रदेश में परिवर्तन होना बहुत जरूरी है और भाजपा को गद्दी से हटाकर युवाओं और असंगठित कर्मचारियों को रोजगार दिलाने का काम, किसान भाइयों को उनका हक दिलाने का काम अगर कोई कर सकती है वह कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। इसलिए उन्होंने आए हुए सभी कार्यकर्ताओं का और पदाधिकारियों का अभिनंदन किया और प्रदेश अध्यक्ष को उत्तर प्रदेश गौरव स्मृति चिन्ह भेंट की और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। विजय सिंह मर्तोलिया ने कहा 2022 विधानसभा चुनाव में हम सबको एक होकर चुनाव लड़ना है और निश्चित तौर पर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनानी है यह युवाओं को संकल्प दिलाया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू विजय सिंह मर्तोलिया, डॉ शैलेंद्र दीक्षित, नौशाद आलम मंसूरी, अमित पांडे, नरेंद्र चंचल कुशवाहा, राजीव द्विवेदी, तुफैल अहमद, अनुराग पाल, करिश्मा ठाकुर इंद्र कुमार कमल गौरव द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष युवा इंटक आदि लोग मौजूद रहे।



अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।